## LOK SABHA

*Thursday, 3rd March 1955*

---

*The Lok Sabha met at Eleven of the Clock*

[SARDAR HUKAM SINGH *in the Chair*]

## ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

**Mr. Chairman:** Questions.

**Shri A. M. Thomas:** Sir, I rise to raise a point of order. It has been ruled by the Deputy Speaker on former occasions that the Deputy-Speaker is entitled to participate in the debates even while he is in the Chair, so that, in this case, the question stands in your name and though you are in the Chair. Are you not entitled to say that this question may be answered by the Government?

**Mr. Chairman:** From the expression of the hon. Member himself, I find that he realises the difficulty.

**Shri Gadgil:** The only limitation is that you cannot ask supplementaries.

### शिव राव समिति

*४५९. **श्री भक्त दर्शन** : क्या श्रम मंत्री २ दिसम्बर, १९५४ को दिये गये तारांकित प्रश्न संख्या ६२२ के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या शिव राव समिति की विभिन्न सिफारिशों पर कोई अन्तिम निर्णय किया गया है , और

(ख) यदि हां, तो क्या उसकी एक प्रति सभा की टेबल पर रखी जायेगी ?

**श्रम उपमंत्री (श्री आबिद अली)** : (क) प्रान्तीय सरकारों के साथ इस विषय पर मन्त्रणा हो रही है और आशा है कि अन्तिम निर्णय शीघ्र ही हो जायगा ।

(ख) निर्णय की एक प्रतिलिपि जब यह अन्तिम रूप में तैयार हो जायगी सभा के सामने रखी जायगी ।

**श्री भक्त दर्शन** : क्या मैं जान सकता हूं कि वे ऐसी कौन सी कठिनाइयां हैं जिन की वजह से इतनी देरी हो रही है ?

**श्री आबिद अली** : कोई खास कठिनाइयां तो नहीं हैं, बहरहाल सन् १९५४ में प्रान्तीय सरकारों के इस मामले में क्या इरादे हैं उन की जानकारी के बाद मिनिस्ट्रियों का फैसला भी मालूम करना जरूरी था और अब प्रान्तीय सरकारों से बातचीत चल रही है । उम्मीद है कि जल्दी फैसला हो जायेगा ।

**श्री भक्त दर्शन** : क्या यह सत्य है कि बहुत सी प्रान्तीय सरकारों ने इस बात का विरोध किया है कि एम्प्लायमेन्ट एक्सचेन्जों का भार उन के ऊपर छोड़ दिया जाय । अगर केन्द्रीय सरकार ने यह भार उन के ऊपर छोड़ ही दिया तो उन को कुछ आर्थिक सहायता भी देनी चाहिए, क्या उन्होंने इस सम्बन्ध में भी कोई राय भेजी है ?

**श्री आबिद अली** : ४० फी सदी तो देते ही हैं । अभी केन्द्रीय सरकार जो मदद देती है वह परिमाण तो जारी ही रहेगा ।

**श्री रूप नारायण** : क्या मैं जान सकता हूं कि पिछले दिनों जो प्रान्तों के श्रम मंत्रियों की बैठक हुई थी उस में क्या डिसीजन हुआ ?

**श्री आबिद अली :** यही हुआ था कि यह काम प्रान्तीय सरकारों के जिम्मे दे दिया जाय, और सेन्टर देख रेख तो रक्खेगा ही।

**Shri Chattopadhyaya:** May I know whether after the Employment Exchanges are brought under the jurisdiction of the State Governments, the Gorakhpur Labour Recruiting Organisation will be under the Centre or the U. P. State Government?

**Shri Abid Ali:** The Gorakhpur Organisation has a different status. It is for the recruitment of workers for coal mines. A Committee was appointed last year and changes were made according to the recommendations of that committee. Therefore, there is no further change contemplated with regard to that particular centre.

**Shri Chattopadhyaya:** May I know why the Gorakhpur Labour Recruitment Organisation has a different status?

**Shri Abid Ali:** Because it has a different function to perform.

**Shri Gidwani:** Will the staff employed at present by the various States remain in service or will there be any changes?

**The Minister of Labour (Shri Khandubhai Desai):** Most of the staff have been recruited from the State services themselves and when they will be transferred, they will, of course, be under the States. Whatever staff has been engaged at the central level will be adjusted with the States. I am sure that they won't lose their service.

### CATERING ON RAILWAYS

***459. Shri Jhulan Sinha:** Will the Minister of Railways be pleased to state the steps taken to open an "Annapoorna" Stall at the Gorakhpur Railway Station?

**The Parliamentary Secretary to the Minister of Railways and Transport (Shri Shahnawaz Khan):** The proposal to provide an 'Annapoorna' Refreshment Room at Gorakhpur Railway Station has since been dropped.

**Shri Jhulan Sinha:** May I know what is the reason behined the dropping of this proposal when the 'Annapoorna' has been catering healthier and cheaper food at the station?

**Shri Shahnawaz Khan:** According to the recommendations of the Alagesan Committee on catering, it was decided that departmental catering should be started at least at one important station on each railway. It has been decided to start departmental catering at Gorakhpur on the North Eastern Railway.

**सेठ अचल सिंह :** क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि किन उसूलों पर स्टेशनों पर अन्नपूर्णा की कैन्टीन और स्टाल्स खोली जाती हैं ?

**श्री शाहनवाज खां :** पहले तो जहां पर अन्नपूर्णा की कैन्टीन्स शुरू हुई थीं वहां उस का बुनियादी उसूल यह था कि जो सीरियल फूड्स हैं, यानी गेहूं और चावल, वह नहीं दिये जायेंगे और दूसरी चीजों और सब्जियों के खाने तैयार किये जायेंगे, लेकिन चूंकि अब तो खाना बहुत काफी हैं, गेहूं और चावल की कमी नहीं हैं इस लिये अन्नपूर्णा की जो खास चीजें थीं उन की अब कोई ज्यादा जरूरत महसूस नहीं होती।

**Shri Bhagwat Jha Azad:** May I know how long this spoilt child of the Railway Ministry, Mr. Vallabhdas, will be allowed to give slow poisoning to the travelling public?

**Mr. Chairman:** The hon. Member should not put in so many adjectives and must not assume things.

**Shri Chattopadhyaya:** May I know whether the Annapoorna at the Gorakhpur railway station has been dropped because this Annapoorna has a special status?

**Shri Shahnawaz Khan:** The Annapoorna restaurant was never started at Gorakhpur. How can it have a special status?